Press Release

राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार – भिवानी, हरियाणा में महिला जन सुनवाई का आयोजन

राष्ट्रीय महिला आयोग प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, आयोग "राष्ट्रीय महिला आयोग- आपके द्वार" महिला जन सुनवाई का आयोजन कर रहा है। इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है।

यह महिला जन सुनवाई 11 अगस्त, 2025 को दोपहर 02:00 बजे से पंचायत भवन, झंकार मोड़ के पास, पंचायत पॉकेट, चिड़ियाघर रोड, भिवानी मे आयोजित की जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीया अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इन दोनों जन सुनवाई में संबन्धित जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्षा श्रीमती विजया रहाटकर 11 अगस्त को भिवानी प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे SSTSS गवर्नमेंट वुमेन कॉलेज में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ करेंगी एवं दोपहर को महिला जनसुनवाई का प्रतिनिधित्व करेंगी।

राष्ट्रीय महिला आयोग भिवानी और आसपास के सभी शहरों की महिलाओं से यह आग्रह करता है कि यदि वे किसी भी प्रकार की समस्या से पीड़ित हैं तो इस जन सुनवाई में भाग लेकर अपनी समस्या आयोग तक पहुचाएँ। प्रत्येक महिला को त्वरित न्याय मिले इसी उद्देश्य के साथ आयोग आपकी प्रत्येक समस्या के समाधान को खोजने के लिए प्रयासरत रहेगा। सुनवाई मे भाग लेने से संबन्धित किसी भी जानकारी हेतु 7011972862 पर संपर्क किया जा सकता है।